संख्या-213/2023/1473/41-2023-276(बजट)/2022

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ०प्र०
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक 20 मार्च, 2023

विषय:- जनपद गोरखपुर में गौरव संग्रहालय के निर्माण कार्य में सम्मिलित उच्च विशिष्टयों के कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उप निदेशक, पर्यटन उ0प्र0 के पत्र संख्या-6334/6-1-1(1508)/2022-23, दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद गोरखपुर में गौरव संग्रहालय के निर्माण कार्य के प्रस्ताव में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों के सम्बन्ध में मा0 मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्ताव शासन में उपलब्ध कराया गया है।

2- गोरखपुर स्वतंत्रता आन्दोलन की 04 बड़ी घटनाओं का साक्षी रहा है। अतः प्रस्तावित संग्रहालय में स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को प्रमुखता से स्थान दिया जायेगा। संग्रहालय में स्वतंत्रता आन्दोलन से संबंधित सम्पूर्ण भारत तथा भारत में उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में गोरखपुर से लेकर आजादी के अमृत महोत्सव तक की गौरव गाथा का उल्लेख किया जाना है। भारत की पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक विरासत को भी संग्रहालय में चित्रित किया जाना है। प्रस्तावित संग्रहालय का निर्माण क्षेत्रफल 1.61 एकड़ भूमि पर पुलिस लाइन गोरखपुर के निकट कार्मल स्कूल रोड पर किया जाना है जहॉ पर जीर्ण-शीर्ण प्रेक्षागृह को हटाकर संग्रहालय बनाया जाना है। जनपद गोरखपुर में प्रस्तावित गौरव संग्रहालय में निर्माण हेतु पी0एफ0ए0डी0 द्वारा लागत रू0 2336.66 लाख मूल्यांकित की गई है, जिसमें से सिविल कार्यो की लागत रू0 1525.03 लाख के अन्तर्गत रू0 347.99 लाख उच्च विशिष्टियों के कार्यों से सम्बन्धित मदें भी सम्मिलित हैं।

3- प्रश्नगत प्रायोजना का आगणन परियोजना प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश प्रोजेक्टस्स कारपोरेशन लिमिटेड, गोरखपुर द्वारा तैयार किया गया है। प्रस्तावित प्रायोजना में संग्रहालय में तीन तल होंगे, भूतल में स्टाफ एरिया, मीटिंग रूम, आफिस, सोवेनियर शॉप, ओपेन गैलरी, ए0वी0 रूम वर्कशॉप सर्वर रूम, आडीटोरियम, मुक्ताकाश दीर्घा होंगे। प्रथम तल पर लाइब्रेरी, एक्जीबिशन गैलरी होगी। द्वितीय तल पर एक्जीबिशन गैलरी होगी तथा इसके अतिरिक्त बाह्य स्थल पर वाटर सप्लाई एवं वाह्य ड्रेनेज, पम्प्स, एस0टी0पी0, इन्ट्रेन्स गेट, बाउण्ड्रीवाल, स्ट्रार्म वाटर ड्रेन, प्लान्टर, सी0सी0रोड, पार्किंग एवं पाथवे (इन्टर लॉकिंग एवं कोबल स्टोन फ्लोरिंग), फायर डिडक्शन सिस्टम, आन्तरिक वाह्य विद्युतीकरण तथा 15 पैसेन्जर क्षमता की लिफ्ट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

4- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद गोरखपुर में गौरव संग्रहालय के निर्माण कार्य में सम्मिलित उच्च विशिष्टयों के कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में मा0 मंत्रिपरिषद की बैठक **दिनांक 16.03.2023** में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं :-

(क) जनपद गोरखपुर में गौरव संग्रहालय में उच्च विशिष्टियों के कार्य रू0 347.99 लाख में कराया जाना अनुमानित है जिसमें ग्लास वॉल पार्टीशन, फ्रेमलेस टाफेन्ड ग्लास डोर शटर, कारपेट टाइल, ऑटोक्लवड एरियेटेड कांक्रीट ब्लाक्स मसोंरी जाली वर्क, एक्यूस्टिकल वॉल पैनलिंग फैबरिक फिनिश, ब्रिक क्लेडिंग, एस0एस0 ग्लास रेलिंग, 06एम0एम0 थिक डेकोरेटिव हाई प्रेशर लेमिनेटेड शीट, ग्लास रिन्फोर्स्ड कांक्रीट वॉल क्लेडिंग टाइल्स, टैक्सचर पेन्ट,स्पाइडर ग्लेजिंग सिस्टम, वुड ब्लाक फ्लोरिंग, इन्टरेन्स गेट में ब्रिक क्लेडिंग, रेड सैन्ड स्टोन मेकिंग फाल्स कैपिटल इन कालम वर्क, स्टोन बैंड्स/प्रोफाइल फॉर कॉलम्स एण्ड वॉल, स्टोन वर्क, बाउण्ड्री वॉल, ब्रिक क्लेडिंग, एक्सर्टनल डेवलपमेंटस् वर्क, पार्किंग और पाथवे एरिया (फ्लोरिंग बिद कोबल स्टोन-332.96 Sqm.) तथा ग्रेनाइट फ्लोरिंग पलेन्टर वॉल टॉप (15 नं0) आदि कार्य कराया जाना।

(ख) प्रकरण में अग्रत्तर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया है।

5- जनपद गोरखपुर में गौरव संग्रहालय के निर्माण कार्य की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्यों को कराये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित शर्तों व प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा:-

''प्रायोजनान्तर्गत उक्त उच्च विशिटियों के कार्यों के क्रियान्वयन से पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा इन कार्यों हेतु प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर दरें प्राप्त कर निर्माण कार्य सुसंगत वित्तीय नियमों के आधार पर कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।''

6- अत: कृपया तदनुसार प्रकरण में उपर्युक्त निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अग्रत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0 प्र0।
3. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0 प्र0।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटन विभाग, उ0 प्र0।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

5. **<u>अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,</u>**
   वित्त विभाग/न्याय विभाग/ लोक निर्माण विभाग, उ0 प्र0 शासन।
6. मण्डलायुक्त, गोरखपुर।
7. निदेशक, पर्यटन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. जिलाधिकारी, गोरखपुर।
9. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
10. उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
11. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, गोरखपुर।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।